कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय अलेवा (जींद)

Notice

Memo No. 9268 Date: 05/10/2023

महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा नए वोट बनाए जा रहे हैं।जो भी विद्यार्थी **18 वर्ष का हो चुका है या 1 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष का हो जाएगा** वह नया वोट बनवाने के योग्य (Eligible) है।संवैधानिक तौर पर यह सभी विद्यार्थियों का नैतिक कर्तव्य है कि वो अपना नाम मतदाता सूची (Electrol Roll) में दर्ज करवाएं अर्थात अपना वोट जरूर बनवाएं ताकि इस लोकतांत्रिक प्रणाली में होने वाले चुनाव में अपने मत (वोट) का प्रयोग कर सकें | अतः योग्य विद्यार्थी भारतीय निर्वाचन आयोग के **हेल्पलाइन डेस्क एनवीएसपी (NVSP)** पर जाकर **फॉर्म नं 6** भरकर उसका प्रिंटआउट निकाल कर कमरा नं 202 में जमा करवाएं ताकि महाविद्यालय सभी फॉर्म निर्वाचन कार्यालय भेजकरआपका वोटकार्ड जल्दी से बनवा सके।

मतदाता पहचान पत्र (नई वोट बनवाने) के लिए ऑनलाइन आवेदन कैसे करें ?

चरण 1 :मतदाता सेवा पोर्टल कीआधिकारिक वेबसाइट (NVSP) पर जाएं।

चरण 2 :वहां वेबसाइट पर 'Form' के अंतर्गत 'Form 6' पर क्लिक करें या फॉर्म डाउनलोड करके उसका प्रिंटआउट ले लें | यदि आप भारत के निवासी हैं तो फॉर्म 6 भरें| अगरआप NRI हैं तो फॉर्म 6A पर क्लिक करें।

चरण 3 :यदि आप ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं तो Sign Up पर क्लिक करें औरअपना Mobile no और Email Id और अन्य महत्वपूर्ण सूचना प्रदान करके खुद को Register करें। यदि आप पहले से Registered हैं तो अपना Mobile no. या EPIC no. उसके बाद अपना पासवर्ड और captcha प्रदान करें और Request OTP पर क्लिक करें। OTP दर्ज करें और पोर्टल पर लॉगिन करें।

चरण 4: विवरण दर्ज करें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें | (मतदाता कार्ड के लिए 2 दस्तावेज की आवश्यकता होती है, पहला आपका Age Proof जैसे 10th DMC, Passport आदि और दूसरा आपका Address Proof जैसे Ration Card, Driving Licence, बिजली/ पानी का बिल)

चरण 5: Submit पर क्लिक करें|

चरण 6: एक बार सबमिट करने के बाद, आपको आपके द्वारा प्रदान किए गए ईमेल आईडी पर एक ईमेल प्राप्त होगी जिस में व्यक्तिगत मतदाता पहचान पत्र पृष्ठ का लिंक होगा | आप इस पेज के माध्यम से अपना मतदाता पहचान पत्र आवेदन को ट्रैक कर सकेंगे, और आपके अपने आवेदन के एक महीने के भीतर अपना मतदाता पहचान पत्र (Voter Id Card) प्राप्त हो जाना चाहिए|

05/10/23

प्राचार्य 05/10/2023
राजकीय महाविद्यालय अलेवा

Scanned with CamScanner